भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4467
उत्तर देने की तारीख 20 अगस्त, 2025

इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक

4467. श्री जी. सेल्वम :
श्री सी. एन. अन्नादुरई :
श्री नवसकनी के. :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) ने वित्तीय सेवाएं प्रदान करने के लिए डाक विभाग की अवसंरचना का लाभ उठाते हुए तमिलनाडु में 37 शाखाएं और 10,952 से अधिक पहुंच बिंदु स्थापित किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) तमिलनाडु में वर्तमान में घर-घर बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए सुसज्जित और प्रशिक्षित डाकियों और ग्रामीण डाक सेवकों की संख्या संबंधी ब्यौरा क्या है और इस मॉडल के माध्यम से प्रदान की जा रही सेवाओं का दायरा क्या है;

(ग) क्या तमिलनाडु में आईपीपीबी के अंतर्गत घर-घर बैंकिंग ने विशेषकर ग्रामीण और बैंकिंग सुविधा रहित क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) तमिलनाडु में वर्तमान में आईपीपीबी-सक्षम बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने वाले ग्रामीण डाकघरों की संख्या कितनी है और राज्य में डिजिटल और वित्तीय लेन-देन में वर्षवार कितनी वृद्धि दर्ज की गई है; और

(ङ) क्या सरकार का तमिलनाडु में आईपीपीबी के संचालन और डिजिटल अवसंरचना का और विस्तार करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) जी, हां। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीबीबी) ने वित्तीय सेवाएं प्रदान करने के लिए डाक विभाग की अवसरंचना का लाभ उठाते हुए तमिलनाडु में 35 बैंकिंग आउटलेट और 10,981 एक्सेस प्वॉइंट स्थापित किए गए हैं। राज्य भर में इन बैंकिंग आउटलेट और एक्सेस प्वॉइंट का ज़िलावार ब्यौरा **अनुबंध-I** में प्रदान किया गया है।

(ख) वर्तमान में, तमिलनाडु में कुल 16,858 डाकियों एवं ग्रामीण डाक सेवकों को डोरस्टेप बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए सुसज्जित और प्रशिक्षित किया गया है। इन सेवाओं में बचत खातों से नकद जमा/आहरण, पेंशनभोगियों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण (डीएलसी), नागरिकों के लिए आधार में मोबाइल नंबर अपडेट और चाइल्ड एनरोलमेंट लाइट क्लाइंट (सीईएलसी) सेवाएं शामिल हैं।

(ग) जी, हां। आईपीपीबी ने तमिलनाडु में ग्रामीण एवं बैंक की सुविधा से वंचित क्षेत्रों के ग्राहकों के लिए वित्तीय समावेशन में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए 66 लाख से अधिक ग्राहकों के लिए खाते खोलने की सुविधा प्रदान की है, जो अब सीधे अपने बैंक में डीबीटी प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही, द्वार पर 7.96 लाख पेंशनभोगियों को डिजिटल जीवन प्रमाण (डीएलसी) की सुविधाएं और सीईएलसी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

(घ) वर्तमान में, तमिलनाडु में 8,800 ग्रामीण डाकघर आईपीपीबी-सक्षम बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। डिजिटल और वित्तीय लेन-देन में वर्षवार वृद्धि संबंधी सूचना **अनुबंध-II** में प्रदान की गई है।

(ङ) जी, नहीं। डाक विभाग के सभी डाकघर पहले से ही राज्यभर में आईपीपीबी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

'इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी)' के संबंध में दिनांक 20.08.2025 के लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 4467 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

अनुबंध-I

क्र. सं.	बैंकिंग आउटलेट का नाम	जिले का नाम	एक्सेस प्वॉइंट की संख्या
1	अन्ना रोड	चेन्नई	261
2	चारींग क्रॉस	नीलगिरि	158
3	चिदंबरम	चिदंबरम	472
4	कोयंबटूर	कोयंबटूर	359
5	कुड्डालोर	कुड्डालोर	234
6	धर्मपुरी	धर्मपुरी	243
7	डिंडिगुल	डिंडिगुल	441
8	ईरोड	ईरोड	308
9	कांचीपुरम	कांचीपुरम	395
10	करूर	करूर	318
11	कोविलपट्टी	कोविलपट्टी	329
12	कृष्णगिरी	कृष्णगिरी	299
13	कुंबकोणम	कुंबकोणम	456
14	मनमादुराई	मनमादुराई	301
15	मयिलाडुतुरै	मयिलाडुतुरै	278
16	नगरकोइल टाउन एसओ	कन्याकुमारी	257
17	पालयमकोट्टे	पालयमकोट्टे	320
18	पेरंबलूर	पेरंबलूर	123
19	पुदुकोट्टई	पुदुकोट्टई	327
20	रामनाथपुरम	रामनाथपुरम	283
21	सेलम	सेलम	501
22	तल्लाकुल्लम	तल्लाकुल्लम	290
23	तंजावुर	तंजावुर	372
24	तेनी	तेनी	209
25	तिरुचिरापल्ली	तिरुचिरापल्ली	338
26	तिरुपत्तूर	तिरुपत्तूर	284

27	तिरुपुर	तिरुपुर	339
28	तिरुवल्लूर	तिरुवल्लूर	567
29	तिरुवन्नामलई	तिरुवन्नामलई	441
30	तिरुवरूर	तिरुवरूर	105
31	तूतीकोरिन	तूतीकोरिन	286
32	उडयारपालयम	उडयारपालयम	234
33	वेलूर	वेलूर	323
34	विल्लुपुरम	विलुप्पुरम	261
35	विरुदुनगर	विरुदुनगर	269
		कुल एक्सेस प्वॉइंट	**10981**

'इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी)' के संबंध में दिनांक 20.08.2025 के लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 4467 के भाग (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

अनुबंध-II

डिजिटल और वित्तीय लेन-देन में वर्षवार वृद्धि निम्नानुसार है :

वित्तीय वर्ष	डिजिटल और वित्तीय लेन-देन की संख्या (करोड़ में)
2020-21	1.06
2021-22	3.36
2022-23	9.07
2023-24	17.69
2024-25	33.44

*****